UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-213 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) गुरूवार 16 जुलाई 2026 | youngbharatE-paper.com

## यूपी 2027 में किसका होगा 'राजतिलक'? जानिए किन क्षेत्रों में बीजेपी को सबसे बड़ा 'खतरा' और कहां सपा सबसे 'मजबूत'



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027) में अभी कुछ महीने का वक़्त और बचा है, लेकिन सियासी सरगर्मियां अभी से पूरी तरह तेज हो चुकी हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने में तेजी से जुटी है। समाजवादी पार्टी अलग-अलग क्षेत्रों के हिसाब से अपनी रणनीति तैयार कर रही है। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) अपनी राजनीतिक जमीन बचाने का प्रयास कर रही है, जबकि कांग्रेस भी कई इलाकों में संगठन को मजबूत बनाने की कवायद में लगी हुई है। वहीं, राष्ट्रीय लोकदल (आरजेडी) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी नई राजनीतिक भूमिका तलाश रहा है।

साल 2024 के लोकसभा चुनाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि पूरे उत्तर प्रदेश का राजनीतिक मिजाज एक जैसा नहीं है। कहीं बीजेपी का प्रभाव कायम रहा, तो



कहीं समाजवादी पार्टी ने मजबूती से बढ़त बनाई और कई इलाकों में मुकाबला पूरी तरह बदल गया। यही कारण है कि आगामी साल 2027 के विधानसभा चुनाव को समझने के लिए पूरे प्रदेश को एक नजर से नहीं देखा जा सकता। हर क्षेत्र की अपनी अलग राजनीतिक कहानी है और हर इलाके के मुद्दे भी अलग हैं। यदि उत्तर प्रदेश की राजनीति का सबसे संवेदनशील इलाका माना जाए तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर आता है। यहां जाट, गुर्जर, मुस्लिम, दलित और पिछड़ी जातियों का चुनावी प्रभाव बहुत ही मजबूत माना जाता है। गन्ना किसानों की दिक्कतें, एमएसपी, कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दे हमेशा चुनावी बहस के केंद्र में रहते हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन 2024 के चुनाव में तस्वीर बदलती नज़र आयी। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के बदले हुए गठबंधन समीकरणों के साथ स्थानीय मुद्दों ने कई सीटों पर मुकाबले को बेहद सख्त बना दिया। बीजेपी को पहले जैसी बढ़त नहीं मिल सकी। लेकिन, अब 2027 के विधानसभा चुनाव में मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली, सहारनपुर, बिजनौर और आसपास के जिले एक बार फिर सबसे अधिक राजनीतिक चर्चा के केंद्र में रहने वाले हैं। बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बदायूं और शाहजहांपुर का इलाका रोहिलखंड कहलाता है। यहां कई विधानसभा सीटों पर मुस्लिम वोटर्स निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग भी चुनावी परिणामों को प्रभावित करता है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र में विपक्ष का प्रदर्शन पहले के मुकाबले बेहतर देखने को मिला। समाजवादी पार्टी ने कई सीटों पर बढ़त बनाई। इससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि 2027 में भी रोहिलखंड बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहने वाला है। यहां बनने वाले जातीय और सामाजिक समीकरण चुनावी परिणामों पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। लखनऊ, बहराइच, अयोध्या, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, गोंडा और आसपास का इलाका अवध की राजनीति का केंद्र माना जाता है। साल 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने इस क्षेत्र में ज़बरदस्त प्रदर्शन किया था। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र ने सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। अयोध्या यानी फैजाबाद सीट पर बीजेपी की हार पूरे देश में चर्चा का विषय बनी। रायबरेली सीट कांग्रेस के पास बनी रही और कई अन्य सीटों पर भी मुकाबला पहले की तुलना में कहीं ज्यादा तगड़ा दिखाई दिया। राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे बीजेपी के लिए बड़ा संकेत माना।

## अयोध्या का दोहराया जाएगा इतिहास!

### मथुरा में 9 अगस्त को कारसेवा की घोषणा; संतों के ऐलान से हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि की तर्ज पर अब मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि में भी कारसेवा का ऐलान संतों की तरफ से किया गया है. श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति अभियान के तहत संत समाज ने 9 अगस्त को मथुरा (ब्रज) में कारसेवा का आह्वान किया है.संतों के इस ऐलान के बाद हलचल बढ़ गई है, साथ ही इस मुद्दे पर बहस भी छिड़ चुकी है.



श्री चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु डॉ. स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि यह आह्वान आज नहीं बल्कि 4 जुलाई को ही किया जा चुका था और यात्रा लगातार जारी है. उन्होंने बताया कि 9 अगस्त की तिथि तय कर दी गई है और ब्रज में पार्थिव पूजन एवं कारसेवा का कार्यक्रम होगा. उन्होंने कहा कि देशभर से लाखों संत-महात्मा इस अभियान में शामिल होंगे, संत समाज का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है. उनका कहना था कि 'भगवान श्रीकृष्ण को उनके जन्मस्थान पर सम्मान मिलना चाहिए. सरकार से वार्ता बाद में होगी, पहले आंदोलन चलेगा.' उन्होंने प्रशासन से भी पूर्ण सहयोग की अपेक्षा जताई. वहीं, आनंद अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद ने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए कारसेवा हुई थी, यदि आवश्यकता पड़ी तो श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी साधु समाज, सभी अखाड़े, संन्यासी और नागा संन्यासी पूरी तरह तैयार हैं. दूसरी ओर, मानस देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि 'अब यही उचित समय है, अभी नहीं तो फिर कभी नहीं.' उन्होंने कहा कि अयोध्या का विषय सुलझने के बाद अब श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे बढ़ने का समय है. उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का समाधान भी शीघ्र होगा और सभी सनातनियों से इस अभियान में सहभागिता का आह्वान किया. आपको बता दें कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है.

## सुर्खियां...

### नाबालिग के साथ घर में घुसकर छेडछाड व कपड़ा फाड देने के आरोप मे पुलिस ने किया मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी निवासी 13 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी के साथ पड़ोसी युवक द्वारा घर में घुसकर उसके कपड़े फाड़कर छेड़खानी करने और विरोध करने पर गाली गलौच कर मारपीट करने की घटना में पुलिस ने आरोपी युवक अईया के खिलाफ धारा 34, 333, 351(2), 352, 7/8 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में दो साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ़्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### शौच के लिए गई युवती के साथ युवक ने की छेड़खानी


( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शौच के लिए गई युवती के साथ युवक ने छेड़खानी कर दी। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह करीब छह बजे वह शौच के लिए गांव से बाहर गई थी। शौच क्रिया से निवृत्त होकर वह वापस घर लौट रही थी। तभी रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के ही युवक राहुल अहिरवार ने जबरन उसे रोक लिया।

## दिल्ली में शाह-योगी की मीटिंग और इधर अखिलेश ने चला 'परशुराम' का बड़ा दांव

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही राज्य का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। दिल्ली में बीजेपी के 'चाणक्य' कहे जाने वाले अमित शाह और 'बुलडोजर बाबा' योगी आदित्यनाथ की मुलाकात ने लखनऊ की हवाओं में हलचल तेज कर दी है।ऐसा लग रहा है मानो सत्ता के इस अखाड़े में योद्धाओं ने अपने तरकश से अचूक तीर निकालने शुरू कर दिए हैं। एक तरफ जहां दिल्ली में आगामी चुनाव को लेकर गोपनीय और रणनीतिक मंथन हुआ, वहीं दूसरी तरफ लखनऊ की दीवारों पर लगे पोस्टरों ने सियासी फिजाओं में उबाल ला दिया है। लखनऊ की सड़कों पर इन दिनों रातों-रात लगे विवादित होर्डिंग्स चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। इन पोस्टरों पर 'दिल



में बाबर, मुंह में राम' जैसे तीखे स्लोगन लिखे गए हैं। लखनऊ, मथुरा और सीतापुर जैसे शहरों में सपा नेतृत्व को निशाना बनाकर लगाए गए इन पोस्टरों का सीधा मकसद समाजवादी पार्टी को हिंदू विरोधी और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण वाली पार्टी के रूप में पेश करना है। वहीं, समाजवादी पार्टी ने इसे बीजेपी की बौखलाहट करार दिया है। सपा का आरोप है कि अयोध्या राम मंदिर में 'चढ़ावा चोरी' के आरोपों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए बीजेपी यह 'बाबर कार्ड' खेल रही है।

अखिलेश का 'परशुराम' कार्ड और सोशल इंजीनियरिंग

लोकसभा चुनाव में 'पीडी' (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फॉर्मूले से मिली सफलता के बाद, अखिलेश यादव अब 2027 के लिए अपनी रणनीति का विस्तार कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी अब ब्राह्मण समाज को साधने के लिए बड़े सम्मेलनों की तैयारी में जुट गई है। इस 'परशुराम' कार्ड के जरिए अखिलेश का लक्ष्य अपने मुख्य वोट बैंक को सुरक्षित रखते हुए बीजेपी के पारंपरिक सवर्ण वोट बैंक में सेंधमारी करना है। हालांकि, विरोधी दलों का कहना है कि ब्राह्मण समाज समझदार है और वह किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है। लेकिन यह सच है कि यूपी की सत्ता की चाबी अक्सर उसी के हाथ लगती है, जिस पर ब्राह्मणों का भरोसा होता है।

दिल्ली में शाह-योगी की मैराथन बैठक

इन सब सियासी ड्रामे के बीच सबसे बड़ी हलचल दिल्ली में हुई। गृह मंत्री अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच घंटों चली मैराथन बैठक में अयोध्या के चुनावी नतीजों की समीक्षा की गई और 2027 के लिए एक नया 'रोडमैप' तैयार किया गया है। जानकार मानते हैं कि इस मुलाकात का मकसद संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल बिठाना है ताकि आने वाले महामुकाबले में बीजेपी अपनी पकड़ मजबूत रख सके। अब यूपी की सियासत पूरी तरह से मुद्दों और नैरेटिव की लड़ाई बन चुकी है। जहां विपक्ष 'चढ़ावा चोरी' और महंगाई को मुद्दा बना रहा है, वहीं सत्ता पक्ष 'बाबर प्रेम' और राष्ट्रवाद के सहारे पलटवार कर रहा है। 2027 के इस महामुकाबले में आखिर किसकी रणनीति जनता के दिलों में जगह बनाएगी, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

# उत्तर प्रदेश मे बसपा सरकार बनाने के लिए मायावती ने सभी पुराने नेताओं को वापसी का दिया न्योता

अनिल शर्मा + संजय श्रीवास्तव

(यंग भारत न्यूज)

**लखनऊ।** बसपाकी उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में सरकार बनाने के लिएभसपा सुप्रीमो सुश्री मायावतीअब कुछ भी करने को तैयार है द्यजिसका ताजा उदाहरण बसपा सरकार में शामिल रहे सभी लोगों व पुराने सभीनेताओं को घर वापसी का न्योता दे दिया हैद्य कि आप सभी गिले शिकवे भूल कर एक बार भी नई एकजुटता के साथ आकर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का कार्य करे। इसके लिए बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती एवं बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्रा ने एक फार्मूला 2007 वाला 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए तैयार किया हैद्य जिस तरह से 2007 में दलित ब्राह्मण ओबीसी और मुस्लिम का एक फॉर्म बनाकर चुनाव लड़के बरसाने पहली बार स्पष्ट बहुमत हासिल किया था इस तरह इस बार भी वे 403 विधानसभा में प्रत्याशियों को तलाश रही है इसके साथ ही बसपा से छूट कर अन्य दलों में गए पूर्व विधायक पूर्व सांसदों पूर्व जिला अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष से भी संपर्क करने का निर्णय लिया गया है।

लखनऊ में कुछ छोटे जो संगठन की पूरी जानकारी रखते हैं वापस आ रहे और कुछ पूर्व विधायक भी जो विभिन्न दलों में चले गए थे वह भी वापस आ रहे हैं गुड्डू पंडित पूर्व विधायक को चुनाव लड़ाने की बात फाइनल हो गई है और इसी माह लगभग 50सीटो में प्रत्याशियों के टिकट की घोषणा मायावती करेंगी द्य अगर पुराने भाजपा के नेताओं की पार्टी में वापसी हो जाती है तो पार्टी 2007 की तरह एक बार फिर सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़कर अपने बलबूते पर सरकार बनाने की कोशिश करेगी द्यतथा इसी जुलाई के अंतिम सप्ताह से उनके पूरे उत्तर प्रदेश में ताबड़तोड़ सभाओं की तैयारियां शुरू कर दी गई है। सूत्र बताते हैं कि जितने भी मायावती सरकार में मंत्री रहे हैं और बहुत सारे ये पूर्व मंत्री भाजपा कांग्रेस सपा या आजाद पार्टी में शामिल हो गए हैं उनकी वापसी हेतु वार्तालाप संवाद शुरू कर दिया गया है। इसी सिलसिले में बसपा के पूर्व का डाबर मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा की बुंदेलखंड और पूर्वांचल में की गई गोपाली यात्राओं को भी बड़ी गंभीरता से लिया जा रहा है। अब देखना यह है कि क्या पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी बाबूसिंह कुशवाहा जयवीर सिंह दद्दू प्रसाद तथा कैडिरिसट तथा पूर्व एमएलसी तिलक चंद्र अहिरवार आदि अनेक जो बड़े चेहरे थे बसपा में वापसी करेंगे अथवा पुनः संगठन को मजबूत करके सरकार बना पायेंगे यह तो समय बता पाएऐगा।

# पालिका बोर्ड बैठक में हो रही देरी से नाराज कांग्रेसियो ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## बोर्ड बैठक न होने से नगर विकास के कार्य हुए ठप्प-पटैरिया

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर पालिका परिषद की वार्षिक बजट बैठक समय पर आयोजित न होने का मामला प्रशासनिक स्तर पर पहुंच गया है। कांग्रेस नेताओं एवं पूर्व सभासदों ने मंगलवार सुबह आयुक्त झांसी मंडल झांसी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी वीरेन्द्र कुमार गुप्ता को सौंपकर नगर पालिका परिषद की लंबित 10 वीं बोर्ड बैठक शीघ्र कराने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नियमानुसार अप्रैल माह तक आयोजित होने वाली वार्षिक बजट बैठक अब तक नहीं हुई है, जिससे नगर पालिका के विकास कार्य और प्रशासनिक व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।ज्ञापन में बताया गया नगर पालिका परिषद कोंच की 9 वीं बोर्ड बैठक 7 फरवरी 2026 को संपन्न



हुई थी। इसके बाद होने वाली 10 वीं बैठक वार्षिक बजट बैठक के रूप में अप्रैल माह में आयोजित होना अनिवार्य था, लेकिन अब तक बैठक नहीं हो सकी। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 99(1) का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए समय पर आय-व्यय का बजट तैयार कर बोर्ड से अनुमोदित कराया जाना आवश्यक है।कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बजट पारित न होने से नगर पालिका कर्मचारियों के वेतन, विकास कार्यों के भुगतान, ठेकेदारों के लंबित भुगतान तथा जनहित से जुड़े कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे आम नागरिकों को भी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।कांग्रेसियो ने ज्ञापन के माध्यम से आयुक्त से मांग की है कि नगर पालिका परिषद कोंच को तत्काल बजट बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि विकास कार्यों में तेजी आए और प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।ज्ञापन देने बालो में कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित ललिया, पूर्व सभासद अनिल पटैरिया ,पूर्व सभासद मुहम्मद जाहिद आदि उपस्थित रहे।इस संबंध में उपजिलाधिकारी वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। नगर पालिका से बजट बैठक आयोजित न होने के कारणों की जानकारी ली जाएगी। नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए बोर्ड की बैठक शीघ्र कराने के लिए संबंधित को निर्देश दिए जाएंगे।

## पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भाजपाईयो ने मनाया जन्मदिन

( यंग भारत न्यूज )



**कोटरा-उरई।** भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा का जन्मदिन उल्लास के साथ मनाया गया कस्बा के नगर पंचायत भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया नगर पंचायत अध्यक्ष सिया शरण व्यास द्वारा भाजपाइयों को मिठाई बांटी गई इस अवसर पर बालक दास वावनी, शैलेंद्र राजपूत, रामजी राजपूत, आसाराम अग्रवाल, रामकुमार सभासद, राजेश रखोलिया, बालमुकुंद वर्मा, रामेश्वर सिंह सभासद, अरुण खरे, मदन दुबे, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कासिमपुर के प्रधान ने की नाले से अतिक्रमण हटवाने, नाप करवाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ( जालौन)** तहसील की ग्राम कासिमपुर के प्रधान प्रतिनिधि गोपी कुशवाहा ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य को देते हुए बताया कि वारिश का मौसम शुरु हो गया है ऐसे नाला की सफाई जल निकासी हेतु आवश्यक है नाला पर लोगों का अवैध कब्जा है ऐसे में नाला की नाप कराई जाए जिससे कि जल भराव की समस्या से निजात मिले उपजिलाधिकारी ने प्रधान को आश्वत किया कि राजस्व विभाग की टीम बनाकर नाप करवा दी जाएगी

## शहबाजपुर कम्पोजिट विद्यालय की टूटी बाउंडी बाल आगे तालाब नुमा गडढा बच्चों को आवागमन में भारी दिक्कत

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत शहबाजपुर में कंपोजिट विद्यालय माधौगढ कुठौंद सड़क मार्ग पर स्थित है जिसमें कि बाउंडी बाल एक तरफ की पूरी तरह से नहीं बनी है शेष क्षतिग्रस्त है तो वहीं विद्यालय भवन के सामने दोनों ओर बहुत गहरी खाई है जिसमें कि बच्चों के आवागमन हेतु बीच से रास्ता निकाली गयी है किसी भी बच्चे की जरा सी भी चूक हुई तो बडी अनहोनी की आशंका है ऐसे में बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के सामने की खाई में मिट्टी भरवाई जाए जिससे कि अनहोनी को टाला जा सके अर्पित अंकुश चंचल शालिनी शिखा दिव्यांश अंशिका आदि छात्र छात्राओं ने शासन प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय के सामने की खाई को मिटटी डलवाकर पुरवाई जाए जिससे कि हम छात्रों के साथ कोई अनहोनी न हो सके इस संबंध में खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा से वार्ता की गयी तो उन्होने कहा कि जांच करवाकर समस्या के समाधान पर गौर की जाएगी इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने बताया कि उक्त समस्या के निदान हेतु खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा को अवगत कराया गया था पुन मैं खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर समस्या के समाधान हेतु भरसक कोशिश करूंगा इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन से वार्ता की गयी तो उन्होंने कहा कि गडढे में मिटटी डालने हेतु खंड विकास अधिकारी माधौगढ से कहेंगे तो वहीं बाउंडी बाल वह स्वयं बनवाएंगे नेक कार्य के आश्वासन पर बच्चों ने बधाई ज्ञापित की है वैसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेन्द्र सिंह सेंगर ने स्वयं सक्रिय होकर जलभराव की समस्या से निजात हेतु क्षेत्रीय विधायक से पूर्व में मुलाकात कर समस्या रखी थी पर अभी तक समाधान न होने से निराशा है अब देखना है कि छात्रहित में क्या सक्रियता होती है

## अचानक कुत्ता आ जाने से अनियंत्रित होकर खंदक में गिरी कार, मां बेटे हुए घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोंच-उरई रोड पर उस समय एक हादसा हो गया जब अचानक सड़क पर कुत्ता आ जाने से कार चालक अपना संतुलन खो बैठा जिसके चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में चली गई। हादसे में कार सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने कार के अंदर फंसे दोनों को बाहर निकलवाया और बाइक की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया। हादसे में मां को तो मामूली चोट आई है पर बेटा बुरी तरह घायल हो गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडीकल कालेज रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार उरई निवासी मनमीत सिंह उम्र 34 वर्ष कार से अपनी मां के साथ नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी जा रहा था तभी कोंच-उरई मार्ग पर ग्राम पड़री के पास अचानक से सड़क पर एक कुत्ता आ गया जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। हादसे में मनमीत सिंह के सिर में गहरी चोट आई है।

## नदीगांव की निकेता बनी पुलिस सब इंस्पेक्टर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील कोंच क्षेत्र के कस्बा नदीगांव की होनहार बेटी निकेता यादव का चयन सब इंस्पेक्टर के पद पर होने पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कस्बा नदीगांव के वार्ड नंबर एक कटरा मुहल्ला निवासी अनिल उर्फ मंगल सिंह की पुत्री निकेता यादव का चयन गत मंगलवार को घोषित यूपीएसआई परीक्षा परिणाम के बाद सब इंस्पेक्टर के पद पर होने की जानकारी लगते ही कस्बा सहित क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परिजनों का मुंह मीठा कराया और बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उसे आशीर्वाद दिया।नदीगांव की होनहार बेटी निकेता ने इंटरमीडिएट एसटीके बालिका विद्यालय इंटर कालेज कोंच से अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी जिसके बाद उसने यूपीएसआई परीक्षा की तैयारी के लिए कानपुर में कोचिंग की थी।

## गौशाला में गौवंशजों के संरक्षण में हो रहे भरसक प्रयास

### -ग्राम प्रधान कर रहे हैं गायों की जमकर सेवा

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ( जालौन )** गौवंशों के संरक्षण में किसी भी तरह की कमीं न रहे इस कार्य हेतु प्रधान रमाकांती कुशवाहा - गोपी कुशवाहा लगातार सक्रिय भूमिका में रहते है गौवंश के लिए गर्मी से बचाव में चद्दर के ऊपर बोरे तथा चारों ओर से फट्टी लगाने का ही काम नहीं किया है बल्कि गौवंशों के लिए लगातार विद्युत के माध्यम से पंखे भी चलवाए जा रहे हैं।तो वहीं स्वच्छ जल पिलाया जा रहा है तो वहीं हरा चारा भूसा दाना पर्याप्त मात्रा में देने के साथ ही पर्याप्त भंडारण भी है एक ओर यूरीन की व्यवस्था की गयी है तो दूसरी गोबर से खाद बनाने का काम जारी है इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि गोपी कुशवाहा का कहना है कि गौवंशों के संरक्षण में कोई भी कमीं नहीं की जा रही है वहीं संचारी व्यवस्था के तहत नाली नालियों और सभी रास्तों की साफ सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। गांव को विभिन्न चकमार्गों से जोडने का काम मनरेगा योजना से किया गया है तो वहीं गांव में हर गली को इंटरलाकिंग से सुसज्जित किया गया है सामुदायिक शौचालय सचिवालय विद्यालयों को रंगरोगन के साथ सजाया गया है विकास की कभी में गांव का चहुंमुखी विकास कराया गया है सरकारी हैंडपंप की खराबी को लेकर प्रधान रमाकांती कुशवाहा ने बताया कि गांव में एक हैंडपंप लगा हुआ है जिसके एक ओर से दीवार बना ली गयी है इस कारण उक्त हैंडपंप को सुधारने में मिस्त्री को दिक्कत हो रही है , प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री योजना के तहत पात्रों को दर्जनों आवास मुहैया कराए गये है तो वहीं स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत घर घर शौचालय निर्माण कार्य कराए गये है यही नहीं प्रधानमंत्री आवास हेतु पात्रों के नामों को प्रस्तावित किया गया है फिलहाल गांव के विकास में हर ओर काम किया है और जो भी शेष काम है उन पर अनवरत कार्य जारी है जल भराव की निकासी के लिए खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा से वार्ता की जा चुकी है जिसमें कि शीघ्र ही नाले का निर्माण कार्य करवाया जाएगा तो वहीं नाले की सुरक्षित जगह की नाप कराकर अतिक्रमण भी हटवाया जाएगा फिलहाल जल निकासी हेतु शीघ्र ही नाले का निर्माण कार्य स्वीकृति के बाद कराया जाएगा

## महिला की आत्महत्या मामले में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

### -पति समेत ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरदौली निवासी एक महिला की आत्महत्या के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कालपी पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता किसन पुत्र स्वर्गीय शिवहरे ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री प्रकाशनी का विवाह 13 मार्च 2019 को उरई निवासी विकास पुत्र शिवनारायण के साथ हिंदू रीति-रिवाज से किया था। विवाह में सामर्थ्य से अधिक दहेज देने के बावजूद पति, सास, ससुर व देवर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री का लगातार शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करते रहे। पुत्री के यहां एक बेटी के जन्म के बाद कथित रूप से प्रताड़ना और बढ़ गई तथा तीन लाख रुपये की मांग बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई। आरोप है कि 16-10-2025 को ससुराल पक्ष ने महिला के जेवरात व अन्य सामान छीनकर उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद प्रकाशनी ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण एवं वैवाहिक संबंधों की पुनर्स्थापना को लेकर न्यायालय में वाद दायर किए थे। आरोप लगाया गया है कि 6-04- 2026 को परिवार न्यायालय उरई में सुनवाई के दौरान न्यायालय परिसर के बाहर पति ने महिला को अपमानित करते हुए आत्महत्या कर लेने तथा दूसरा विवाह करने जैसी बातें कहीं। साथ ही उसे और उसकी पुत्री को कभी अपने साथ न रखने तथा भरण-पोषण न देने की धमकी दी। इस घटना के बाद महिला गहरे मानसिक तनाव में आ गई। लगातार मानसिक प्रताड़ना और धमकियों से परेशान होकर उनकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कालपी पुलिस ने पति विकास, ससुर शिवनारायण, सास तथा देवर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## 20 दिन बाद टूटी कालपी कोतवाल की नींद, 26 जून की बीच बाजार से महिला के गले से सोने की चैन लूट कर फरार हुए थे आरोपी

( यंग भारत न्यूज )

- तभी से एफआईआर दर्ज कराने हेतु कोतवाली के चक्कर काट रही थी महिला और उसके परिजन
- मगर कालपी कोतवाली में रिपोर्ट न लिखे जाने की बेशर्मी के चलते 20 दिन बाद जब चारो तरफ से दबाव आया तो पीड़िता की एफआईआर दर्ज करने की तकलीफ उठाई कालपी कोतवाल ने

**कालपी-उरई।** मोहर्रम पर्व वाले दिन स्थानीय नगर के व्यस्त टरननगंज बाजार में महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार होने वाले बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कोतवाली कालपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सदर बाजार निवासी वादी अर्जुन प्रसाद मौर्य पुत्र रामखेलावन मौर्य ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि 26-06- 2026 को शाम करीब 7 बजे वह अपनी पत्नी सावित्री मौर्य के साथ टरननगंज बाजार स्थित केनरा बैंक के सामने सब्जी खरीद रहे थे। इसी दौरान पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक आए और उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपटकर मौके से फरार हो गए।पीड़ित के अनुसार लूटी गई चेन का वजन करीब दो तोला तथा कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। घटना के बाद उन्होंने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने भी आरोपियों की तलाश शुरू की। शिकायत के आधार पर कोतवाली कालपी पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## घर के बाहर बैठे मां-बेटे से मारपीट, युवक का हाथ टूटा

### नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम मुसमरिया में घर के बाहर बैठे मां-बेटे के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है। उक्त प्रकरण को लेकर ग्राम मुसमरिया निवासी वादी सुमित सिंह पुत्र महेंद्र पाल सिंह ने थाना चुर्खी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 29 जून की रात करीब 11:30 बजे वह अपनी माता उषा देवी के साथ घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान गांव निवासी आरोपी मयंक सिंह वहां पहुंचा और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। जब उन्होंने गाली देने का विरोध किया तो आरोपी ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। मारपीट में सुमित सिंह के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया, जबकि उनकी माता को भी चोटें आईं तथा घटना के दौरान आरोपी ने दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी।शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तथा बीच-बचाव कर मां-बेटे को हमलावर से बचाया। इसके बाद पीड़ित ने थाना चुर्खी पहुंचकर घटना की तहरीर दी।पुलिस ने आरोपी मयंक सिंह के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष बिबेचना करके आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे गये सहजन के पौधे, समारोह में हरित अभियान को मिला जनसमर्थन

( यंग भारत न्यूज )



कालपी-उरई। वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत उसरगांव में आयोजित कार्यक्रम में झांसी मंडल के मुख्य वन संरक्षक एच.वी. गिरीश की अगुवाई में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सहजन (मोरिंगा) के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। बीती शाम को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वन संरक्षक एच.वी. गिरीश ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिये।बल्कि उनकी सुरक्षा और संरक्षण भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को पौधारोपण के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। जनपद के उपवन संरक्षक प्रदीप कुमार एवं कालपी के वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में 1 जुलाई से व्यापक वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पौधे रोपे जा रहे हैं। उपवन संरक्षक प्रदीप कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों से अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने और लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सहजन के पौधे प्राप्त किए और वृक्षारोपण किया। इस दौरान विभागीय दरोगा वर्षा सिंह, अजीत कुमार, महेंद्र कुमार, मन्ना सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सब स्टेशन के 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर का हुआ मेंटेनेंस

### बिजली आपूर्ति होगी अधिक सुचारु

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** बुधवार को स्थानीय नगर स्थित 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र कालपी में 10 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस कार्य कराया गया। अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम की देखरेख में विभागीय कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर के विभिन्न उपकरणों की तकनीकी जांच कर आवश्यक मरम्मत की गयी।विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।



उल्लेखनीय हो कि विद्युत उपकेंद्र कालपी में 10-10 एमवीए क्षमता के दो पावर ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। इनमें से एक ट्रांसफार्मर में कुछ तकनीकी कमियां सामने आने पर उसका निर्धारित कार्यक्रम के तहत मेंटेनेंस कराया गया। इस दौरान ट्रांसफार्मर के इंसुलेटर, डिस्क, केबल, फेस एवं विद्युत तारों की गहन जांच कर आवश्यक सुधार कार्य किए गए। अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम ने बताया कि उपकेंद्र के सभी ट्रांसफार्मरों की नियमित निगरानी की जा रही है। जहां भी किसी प्रकार की तकनीकी कमी मिलती है। उसे तत्काल दूर कराया जाता है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलती रहे। इस मेंटेनेंस कार्य में तकनीशियन विनोद कुमार, अभिषेक धीर, भूपेंद्र सिंह, रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, अजय कुमार निगम, फहमीद खान, सादिक सहित विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। जय सिंह ने आय जाति निवास आदि के बारे में जानकारी देते हुए विधार्थियों को जागरूक किया तो वही सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कोंच के सुरजीत सिंह ने स्वास्थ के बारे में जानकारी दी।बीआरसी कोंच से पहुचे फिरोज खान और विकास ने सयुक्त रूप से शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की। तो वही जन साहस उरई से आये राहुल यादव ने मजदूर हेल्पलाइन के बारे में बताते हुए कहा कि मजदूरों को सहायता प्रदान करने के लिए माईग्रेट्स रेसेलिएंस कोलेबोरेटिव जनसाहस और सहयोगी संस्थाओ द्वारा हेल्पलाइन के माध्यम से विवाद या आपदा के समय सहायता और सामजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाती है। शिविर को कोंच इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने अधिकारों के साथ कर्तव्यो के लिए भी जागरूक और निर्वाह करने पर जोर दिया। शिविर को प्रधानाचार्य प्रेमनारायण वर्मा, बाल विकास विभाग से मुख्य सेविका भारती, पीएलबी सनेशराजा, अलका भारती आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्नति, अक्षरा सिंह, प्रतीक्षा देवी, सुनामी कुशवाहा, दीक्षा चौधरी, रुकमणि, आस्था राठौर, तान्या, श्रद्धा, न्याशा, शुभी दुबे, शिखा, मुस्कान, महक झा, मुस्कान प्रजापति, निशा परिहार, स्नेहा परिहार, अंशिका रावत, अरबिया अंसारी, रिया राठौर, निशा पांचाल, मुस्कान, दीक्षा कुमारी, राधिका, लक्ष्मी वर्मा, ओमी, हेमंत, सुमित, अविरल, अमन कुशवाहा, अनुराग अग्रवाल, निखिल साहू, रामजी, आयुष राठौर, मनीष कुशवाहा, ऋषभ राठौर, राजकुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीएलबी जगपाल ने किया।

# आईटीआई में विश्व युवा कौशल दिवस का किया गया आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जनपद- जालौन एवं उ. प्र. कौशल विकास मिशन जालौन के संयुक्त तत्वाधान में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान- उरई (जालौन) में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि माननीय डॉ. घनश्याम अनुरागी, अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष जी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय अध्यक्ष द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा का दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई उरई की छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती वन्दना एवं अतिथि स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उरई (जालौन) के प्रधानाचार्य मान सिंह भारती द्वारा मुख्य अतिथि माननीय घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जी का फूल एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। संस्थान के प्रगांण में जनपद की समस्त राजकीय आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित जॉब / मॉडल




की प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसमें व्यवसाय- टर्नर , फिटर, मशीनिष्ट के द्वारा बनाये गये जॉब्स जैसे- तोप, ओखली व्यवसाय - इलैक्ट्रीशियन द्वारा सोलर मॉडल तैयार किया। व्यवसाय- पेण्टर जनरल द्वारा बनाये गये विभिन्न सीनरी आकर्षण का केन्द्र रहें। टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित विभिन्न व्यवसायों के द्वारा लेजर कटिंग द्वारा निर्मित विभिन्न जैसे - मां सरस्वती जी की प्रतिमा, नेम प्लेट, माननीय मुख्यमंत्री जी का पॉर्ट्रेट एवं थ्री डी प्रिंटर द्वारा निर्मित जॉब्स जैसे - गियर्स, डाईस, शिवलिंग, ताज महल आदि के साथ - साथ व्यवसाय- स्वीइंग टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी की छात्राओं द्वारा तैयार किये गये विभिन्न वस्त्रों की बिक्री हेतु प्रदर्शनी लगायी गयी।

कार्यक्रम का उद्बोधन करते हुए जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि यह आयोजन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कौशल, भारत महाशक्ति और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में आत्म निर्भर युवा समृद्ध उत्तर प्रदेश मिशन की दिशा में एक निर्णायक कदम हैं। यह कार्यक्रम केवल एक सरकारी योजना नहीं है बल्कि यह प्रदेश के लाखों युवाओं के आत्म विश्वास, प्रेरणा और पहचान का मंच बनेगा। अध्यक्ष जी ने कहा यह आयोजन प्रमाण पत्र वितरण तक सीमित नहीं है बल्कि यह युवाओं को उनके कौशल के आधार पर पहचान एवं मंच और अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। अध्यक्ष जी द्वारा राजकीय आईटीआई के प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित जॉब/ मॉडल की कौशल प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जनपद में दीन दयाल ग्रामीण कौशल योजना एवं अन्य योजनाओं/ आई0टी0आई0 के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाता इमर्टिकस लर्निंग प्रा0लि0 के धीरेन्द्र प्रजापति जी को भी माननीय अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। उर्वशी सिन्थेटिक प्रा0 लि0 के प्रबंधक मनीष गुप्ता के प्रतिनिधि शिवम पटेल को प्रशिक्षार्थियों के प्रशिक्षण एवं अप्रेन्टिसशिप हेतु सहायता के लिये प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दीन दयाल ग्रामीण कौशल योजना एवं आईटीआई सेवायोजित 10 अभ्यर्थियों को एलओआई प्रदान किया साथ ही आईटीआई से प्रशिक्षण उपरान्त जॉब / स्वरोजगार प्राप्त कर चुके 11 अभ्यर्थियों को 'कौशल यूथ ऑइकन' के अन्तर्गत प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं सेवायोजित युवाओं ने अपना अनुभव साझा किया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उरई, कालपी, कोंच एवं माधौगढ़ के विगत वर्ष की अखिल भारतीय परीक्षा जुलाई 2025 में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले 8 प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया साथ ही अप्रेन्टिसशिप हेतु चयनित 05 शिशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्य मान सिंह भारती द्वारा कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथि माननीय डॉ. घनश्याम अनुरागी, अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष जी एवं विशिष्ट अतिथि मोहन सिंगरिया को पेड़ एवं स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षार्थियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम में सफल आयोजन में राधा मोहन सक्सेना प्रधानाचार्य माधौगढ़, रमेश कुमार पूर्व प्रधानाचार्य कोंच, रणजीत सिंह कार्यदेशक, संजय कुमार शुक्ला कार्यदेशक, अजय पाल सिंह कार्यदेशक, धर्मेन्द्र कार्यदेशक, नीलेश राव, रणजीत सिंह, नरेन्द्र कुमार, मो0 शफीक खांन, साविर खान, धर्मेन्द्र सिंह यादव, नरेन्द्र सिंह, कपिल कुमार, कपिल देव वर्मा, राजेन्द्र पाल सिंह, भगवत किशोर वर्मा, राजेश राजपूत, नीरज त्रिपाठी, सत्येन्द्र कुमार सक्सेना, मनोज कुमार वर्मा, हरगोविंद , घनश्याम यादव, भारत शर्मा, तौफीक अहमद के साथ आई0टी0आई0 स्टॉफ एवं कौशल विकास मिशन स्टॉफ का सहयोग रहा। मंच का संचालन नीलेश राव जी द्वारा किया गया।

## जिले में 3 स्थानोपर 17 एवं 20 जुलाई को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरका आयोजन होगा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति ने मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला प्रोवेशन अधिकारी,जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,खंड विकास अधिकारी डकोर,श्रम प्रवर्तन अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी ग्रामीण माडोरा,बाल विकास परियोजना अधिकारी डकोर,पूर्ति निरीक्षक उरई को विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 17.07.2026 व 20.07.2026 के आयोजन के सम्बन्ध में बताया कि मा0 अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन स्थान उरई के पत्र द्वारा माह जुलाई, 2026 दिन शुक्रवार समय 12:00 बजे स्थान कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विघालय ग्राम मड़ोरा कोंच रोड उरई में विधिक सेवा कार्यक्रम/विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन दिनांक 17.07.2026 को ग्राम (मड़ोरा) कोंच रोड उरई में 'पशु क्रूरता से संरक्षण अधिनियम एंव मानसिक एंव वैधिक एंव दिव्यांगत मानसिक रूप से बीमार व विक्षिप्त लोगों को विधिक सहायता संमबन्धी जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना है ।व दिनांक 20.07.2026 इन्टर कालेज कुसमिलिया विषय शिक्षा का अधिकार, महिलाओ के स्वास्थ एंव स्वचछता के प्रति जागरूकता महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं का संरक्षण अधिनियम सहायता संम्बन्धी शिविर का आयोजन किया जाना है ।उक्त के सम्बन्ध में श्री योगेन्द्र सिंह तखेले, पी0एल0वी0 द्वारा अवगत कराया गया है, कि विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन को जू0ह0 स्कूल उसरगाँव (मड़ोरा) कोंच रोड उरई में दिनांक 20.07.2026 समय 12:00 बजे को किया जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त शिविर में निर्धारित तिथि पर समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं, नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई

### परिवहन विभाग का विशेष अभियान, 3 स्कूल वाहन व 3 स्लीपर बसें निरुद्ध, कई वाहनों के चालान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग ने आज विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार एवं यात्री/मालकर अधिकारी आनन्द राय कुरील ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालयी वाहनों, यात्री वाहनों तथा अन्य व्यावसायिक वाहनों का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान 03 विद्यालयी वाहनों में परिवहन नियमों एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार चालान एवं निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई। सभी वाहनों को संबंधित थानों में निरुद्ध कराया गया ।इसी अभियान के दौरान 03 स्लीपर बसें सवारियों के साथ माल ढुलाई करते हुए पकड़ी गईं ।नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर इन बसों के विरुद्ध भी चालान एवं निरुद्ध की कार्रवाई करते हुए संबंधित थानों में खड़ा कराया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न श्रेणी के अन्य नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई ।परिवहन विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी यात्री वाहन का उपयोग माल ढुलाई के लिए करना गंभीर नियम उल्लंघन है। भविष्य में मार्ग जांच के दौरान ऐसा पाए जाने पर संबंधित वाहन स्वामी एवं संचालक के विरुद्ध कठोर प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। साथ ही जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं वाहन संचालकों से अपील की गई है कि विद्यालयी वाहनों का संचालन सभी वैध अभिलेखों के साथ किया जाए, वाहनों में पंजीकरण प्रमाणपत्र के अनुसार निर्धारित सीट क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं को न बैठाया जाए तथा प्रत्येक विद्यालयी वाहन एवं उसके चालक की फिटनेस, वैधता और सुरक्षा मानकों का नियमित रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सके।

## प्रभागीय वन अधिकारी के परिसर में सहजन भंडारा का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** प्रभागीय वन अधिकारी के प्रांगण में सहजन भंडारा का आयोजन मुख्य वन संरक्षक एच बी गिरीश जी अध्यक्षता में किया गया संचालन प्रभागीय वन अधिकारी प्रदीप जी द्वारा किया गया कार्यक्रम में एसडीओ कोच सुबोध कुमार शुक्ला एसडीओ उरई रवी मोहन कटियार वन क्षेत्र अधिकारी उरई वन क्षेत्र अधिकारी जालौन पर्यावरण के लिए समर्पित लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी सालाबाद पांच तरह की खेती कर रहे शिव शंकर चतुर्वेदी कोकरगांव ओम प्रकाश जी कोच सहित छात्र-छात्राएं एवं माताएं बहने उपस्थित रही।




कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक जी ने सहजन के पेड़ के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाते हुए कितना घर-घर के लिए उपयोगी है इस पर प्रकाश डाला प्रभागीय वन अधिकारी जी ने वृक्षों के महत्व को रेखांकित करते हुए मानव जीवन के लिए कितने उपयोगी वृक्ष हैं इस पर प्रकाश डाला लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी ने वैदिक काल में वृक्षों का कितना महत्व था इस बात पर प्रकाश डालते हुए

अश्वत्थमेकं पिचुमन्दमेकं न्यग्रोधमेकं दश पुष्प जाती ।द्वे द्वे तथा दाडिमेनांगवृक्षे पञ्चाम्ररोपी नरकं न याति।।

अर्थ- जो व्यक्ति एक पीपल ,एक नीम,एक बरगद तथा दश पुष्प देने वाले दो अनार दो संतरे और पांच आम के पेड़ लगता है उसको कभी नरक की प्राप्ति नहीं होती है।। स्कंद पुराण का उल्लेख कर वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के समापन पर मुख्य वन संरक्षक जी द्वारा चंपा का पेड़ रोपित कर एवं सभी छात्र-छात्राएं एवं माता एवं बहनों को सहजन का वृक्ष देकर कार्यक्रम का समापन किया।

## दोनों पैरों से लाचार होकर जनसुनवाई में पहुंचा फरियादी, बैटरी ट्राइसाइकिल पाकर मुस्कराते हुए लौटा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम भी है। इसी दौरान ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी बलवान सिंह ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह 80 प्रतिशत से ज़्यादा दिव्यांग हैं तथा चलने-फिरने में पूर्णतः असमर्थ होने के कारण दैनिक जीवन के सामान्य कार्यों में भी उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी समस्या सुनते ही जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नीरज चौधरी को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने तत्काल आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बलवान सिंह को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी ।ट्राइसाइकिल मिलते ही उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी। बलवान सिंह ने मा0 मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि अब उन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी दिव्यांग व असहाय व्यक्तियों की परेशानी को समझते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का नया सहारा दे रहे है। यह ट्राइसाइकिल उनके लिए किसी नई जिंदगी से कम नहीं है। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी का विशेष निर्देश है कि प्रत्येक पात्र दिव्यांग, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें बिना विलंब योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

- **जनसुनवाई में जिलाधिकारी की संवेदनशील पहल, 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को मौके पर मिली बड़ी राहत**
- **मुख्यमंत्री एवं शासन की नीतियों एवं निर्देशों पर दिव्यांग एवं असहायों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा**

## ग्रामीणों को विकास के नाम पर मिला ठेंगा,सचिव प्रधान पर भृष्टाचार के गंभीर आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** माधौगढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत कासिमपुर से विकास कार्यों की पोल खोलती तस्वीरें सामने आई हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर विकास के नाम पर धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव में जलभराव, गंदगी और सरकारी योजनाओं में अनियमितताओं को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है।

जालौन जिले के माधौगढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत कासिमपुर में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में आज तक नालियों का निर्माण नहीं कराया गया, जिसके चलते बरसात का गंदा पानी रास्तों पर भरा रहता है। चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है और लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में विकास के नाम पर सिर्फ कागजी दावे किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र परिवारों को लाभ नहीं मिला, जबकि अपात्र लोगों को आवास दिए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं कई बुजुर्ग आज भी शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं ।महिलाओं ने बताया कि मंदिर जाने के लिए भी उन्हें कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात के मौसम में जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और गांव में विकास कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है।

## कोचिंग संस्थानों के पुनः संचालन व मानकों में व्यावहारिक छूट की मांग, बसपा नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव के नेतृत्व में झांसी मंडल प्रभारी शैलेन्द्र शिरोमणि, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अल्ताफ भाई, रामसनेही यह बाबू जी, पूर्व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव, उदयवीर दोहरे, संजय गौतम,विनय गौतम, उदय विलाया ने बुधवार को जिलाधिकारी जालौन को ज्ञापन सौंपकर जनपद में सील किए गए कोचिंग संस्थानों के पुनः संचालन तथा सुरक्षा मानकों में व्यावहारिक शिथिलता दिए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि 22 जून को लखनऊ में हुई दुखद अग्निकांड की घटना के बाद प्रशासन द्वारा सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिए की जा रही कार्रवाई स्वागत योग्य है और छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी क्रम में 24 जून को जालौन जनपद में भी मानकों के अभाव में कई कोचिंग संस्थानों को सील किया गया। बसपा नेताओं ने कहा कि प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास हुआ है, वहीं दूसरी ओर अचानक कोचिंग संस्थान बंद होने से हजारों छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इससे प्रतियोगी एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि छोटे कोचिंग संस्थानों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए उचित समय दिया जाए तथा फायर सेफ्टी सहित अन्य मानकों में व्यावहारिक राहत प्रदान की जाए। साथ ही वैकल्पिक सुरक्षा उपायों को स्वीकार करते हुए आवश्यक शर्तों के साथ कोचिंग संस्थानों के पुनः संचालन की अनुमति दी जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके। बसपा नेताओं ने जिलाधिकारी से छात्रहित को ध्यान में रखते हुए मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक में मेरी जबरदस्त टक्कर, 2 की मौत, एक कि दशा गंभीर

## - टक्कर इतनी भीषण थी कि 100 मीटर तक घिसट गई 3 सवारी लादे मोटरसाइकिल





( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहे बाइक सवार तीन व्यक्तियों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर कार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि गंभीर रुप से घायल तीसरे व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर किया गया।

जखा निवासी तीन दोस्त कुलदीप कुमार (45) छोटे खान (32) व कमलेश (24) बुधवार की दोपहर करीब एक बजे जखा गांव से मदारीपुर स्थित पेट्रोल टैंक पर बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहे थे। मदारीपुर पहुंचकर सड़क की दूसरी ओर पेट्रोल टैंक होने के चलते वह कट से होकर बाइक सड़क के दूसरी ओर ले जाने लगे। जैसे ही उन्हेंाने कट से बाइक निकाली तभी जालौन की ओर से औरैया की ओर जा रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार तीनो बाईक सवारों को बाईक सहित करीब सौ मीटर तक घसीट कर ले गयी,हादसा इतना जबरदस्त था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना तत्काल यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने कुलदीप व छोटे खान को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कमलेश को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, कार चालक हादसे के बाद कार को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। दोनों मृतकों के घर जब यह सूचना पहुंची तो उनके घरों में कोहराम मच गया।

# झांसी-आसनसोल स्पेशल ट्रेन के फेरों में बढ़ोतरी, 31 अगस्त तक मिलेगा यात्रियों को लाभ

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** यात्रियों की सुविधा और बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने झांसी–आसनसोल स्पेशल ट्रेन (04185/04186) के फेरों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। अब इस स्पेशल ट्रेन का संचालन 29 जुलाई से 31 अगस्त तक किया जाएगा। रेलवे के इस निर्णय से झांसी मंडल के साथ–साथ उरई, गोविंदपुरी और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बिहार एवं पश्चिम बंगाल की यात्रा के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए झांसी से आसनसोल तथा आसनसोल से झांसी आने वाली स्पेशल ट्रेन संख्या 04185/04186 के संचालन की अवधि बढ़ा दी गई है। पहले इस ट्रेन का संचालन सीमित अवधि तक प्रस्तावित था, लेकिन अब इसे 31 अगस्त तक चलाने का निर्णय लिया गया है, जिससे अधिक संख्या में यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 04185 प्रत्येक बुधवार और रविवार को झांसी से रवाना होकर उरई, गोविंदपुरी सहित विभिन्न स्टेशनों से होते हुए आसनसोल (पश्चिम बंगाल) पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 04186 प्रत्येक गुरुवार और सोमवार को आसनसोल से प्रस्थान कर गोविंदपुरी और उरई के रास्ते झांसी पहुंचेगी। इस ट्रेन के नियमित संचालन से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधी रेल सुविधा मिलेगी और उन्हें बार–बार ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से झांसी मंडल के यात्रियों को बिहार और पश्चिम बंगाल के विभिन्न शहरों तक पहुंचने में विशेष सुविधा मिलेगी। साथ ही पश्चिम बंगाल और बिहार से झांसी, उरई तथा बुंदेलखंड क्षेत्र आने वाले यात्रियों को भी राहत मिलेगी। त्योहारों और अवकाश के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए भी यह निर्णय यात्रियों के लिए लाभकारी माना जा रहा है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन के समय, ठहराव और आरक्षण की जानकारी प्राप्त कर ही यात्रा करें। रेलवे का मानना है कि स्पेशल ट्रेन के फेरों में बढ़ोतरी से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी और भीड़ का दबाव भी कम होगा।

# हत्या या हादसा के बीच उलझा मामला

## चमारी के निकट रेल से कट कर क्षत विक्षत हुआ शव, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । जनपद के आटा थाना क्षेत्र के चमारी गांव में मंगलवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसे में खेत पर काम करने जा रहे किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार, आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी निवासी जितेंद्र कुमार (50 वर्ष) मंगलवार सुबह अपने खेत पर काम करने के लिए घर से निकले थे। दोपहर के समय झांसी–कानपुर रेलवे ट्रैक पर चमारी पुल के पास उनका क्षत–विक्षत शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के वास्तविक कारणों की जांच जारी है।

# पिता व बेटे ने मिलकर मजदूर को बेरहमी से पीटा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** मजदूरी के रुपये बढाने की बात कहने पर पिता व बेटे ने मिलकर मजदूर को न सिर्फ जातिसूचक गालियां दीं बल्कि उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता व बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी कुलदीप वाल्मीकि ने पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह उसे उसके ही गांव के कमलेश व उनके बेटे अंकुर ने अपने घर बुलाया। उन्होंने कहा कि वह उसे 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देंगे, इस मजदूरी में उसे उनके यहां काम करना होगा। जब उसने बताया कि मंहगाई बढ़ गई और 300 रुपये प्रतिदिन में परिवार का भरण पोषण करना कठिन होगा। उसे मजदूरी बढ़ाकर दी जाए तो वह काम करने को तैयार है नहीं तो वह काम नहीं करेगा। यह सुनकर दोनों उसे जातिसूचक गलियां देने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो दोनों ने लाठी, डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिसमें उसे चोटें आई हैं।

# रामपुरा में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक गंभीर रूप से घायल, तीन को आयी मामूली चोटे

( यंग भारत न्यूज )



**उरई/रामपुरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कंजौसा–जगमनपुर मार्ग पर बुधवार सुबह करीब 11 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीन लोगों को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम कंजौसा निवासी निर्भय सिंह (40) पुत्र रामगोपाल अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल (UP 92 AJ 3321) से मढ़ेपुरा से कंजौसा जा रहे थे। इसी दौरान सामने से ग्राम जगमनपुर निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र वीर सिंह यादव अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल (UP 92 AB 4457) से अपने छोटे भाई शिवम और दो वर्षीय भतीजे डुग्गू के साथ पंचनद स्थित बाबा साहब मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिलों की आमने–सामने टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में निर्भय सिंह के पैरों में गंभीर चोटें आईं, जबकि हरेंद्र सिंह, शिवम और मासूम डुग्गू को हल्की चोटें लगीं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों की मदद की। गंभीर रूप से घायल निर्भय सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया।

सूचना मिलते ही रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई थी।

# 2027 में अखिलेश यादव ही बनेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री : दीपू त्रिपाठी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपू त्रिपाठी ने दावा किया है कि वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।

शहर के जालौन रोड स्थित नहर विभाग के निरीक्षण गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दीपू त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से परेशान है और बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी को स्पष्ट जनादेश देगी। दीपू त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में सबसे अधिक उत्पीड़न ब्राह्मण समाज का हुआ है, जिसका राजनीतिक लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धर्म के नाम पर केंद्र और प्रदेश की सत्ता हासिल की, लेकिन जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने भगवान श्रीराम के नाम का भी राजनीतिक लाभ उठाया है। सपा नेता ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, विकास और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति पर कार्य करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# महिला की आत्महत्या मामले में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

## पति समेत ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**उरई (जालौन)।** स्थानीय कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरदौली निवासी एक महिला की आत्महत्या के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कालपी पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता किसन पुत्र स्वर्गीय शिवहरे ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री प्रकाशनी का विवाह 13 मार्च 2019 को उरई निवासी विकास पुत्र शिवनारायण के साथ हिंदू रीति–रिवाज से किया था। विवाह में सामर्थ्य से अधिक दहेज देने के बावजूद पति, सास, ससुर व देवर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री का लगातार शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करते रहे। पुत्री के यहां एक बेटी के जन्म के बाद कथित रूप से प्रताड़ना और बढ़ गई तथा तीन लाख रुपये की मांग बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई। आरोप है कि 16–10–2025 को ससुराल पक्ष ने महिला के जेवरात व अन्य सामान छीनकर उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद प्रकाशनी ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, भरण–पोषण एवं वैवाहिक संबंधों की पुनर्स्थापना को लेकर न्यायालय में वाद दायर किए थे। आरोप लगाया गया है कि 6–04– 2026 को परिवार न्यायालय उरई में सुनवाई के दौरान न्यायालय परिसर के बाहर पति ने महिला को अपमानित करते हुए आत्महत्या कर लेने तथा दूसरा विवाह करने जैसी बातें कहीं। साथ ही उसे और उसकी पुत्री को कभी अपने साथ न रखने तथा भरण–पोषण न देने की धमकी दी। इस घटना के बाद महिला गहरे मानसिक तनाव में आ गई। लगातार मानसिक प्रताड़ना और धमकियों से परेशान होकर उनकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कालपी पुलिस ने पति विकास, ससुर शिवनारायण, सास तथा देवर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# मार्च 2026 से वेतन और ईपीएफ न मिलने पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने डीएम से लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** जनपद के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने मार्च 2026 से अब तक का मानदेय और ईपीएफ (ईपीएफ) का भुगतान न होने पर जिलाधिकारी जालौन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

कर्मचारियों के प्रदर्शन का नेतृत्व कर महेश द्विवेदी सर ने बताया कि उन्हें मार्च 2026 से अब तक का वेतन कंपनी बालाजी इंटरप्राइजेज, लखनऊ की ओर से नहीं मिला है। साथ ही कर्मचारियों का ईपीएफ भी जमा नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय से कंपनी को भुगतान के लिए बिल भेजे जाने की बात कही जाती है, जबकि कंपनी का कहना है कि उसे अभी तक बिल प्राप्त नहीं हुआ है। आउटसोर्स कर्मचारी उषा देवी, राजा बाबू, भगवान दास, उदयकरण, धीरेन्द्र कुमार, जगपाल, लाखन सिंह, पूरनलाल सहित दर्जनों का आरोप है कि जब भी वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और कंपनी से संपर्क करते हैं तो दोनों पक्ष एक–दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। लगातार वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने परिवार के भरण–पोषण और आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मार्च 2026 से लंबित मानदेय एवं ईपीएफ का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके। ज्ञापन की प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, जालौन तथा संबंधित कंपनी को भी प्रेषित की गई है।

# फौजी ट्रेवल्स की बस का हुआ चालान, बस सीज करके किया 37 हजार का चालान

## परिवहन विभाग की लग्जरी बस पर कड़ी कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )



**उरई/रामपुरा।** जनपद के रामपुरा क्षेत्र में परिवहन विभाग ने बुधवार सुबह अवैध व्यावसायिक परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए फौजी ट्रेवल्स की एक टूरिस्ट बस पर बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान बस में टूरिस्ट परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए यात्रियों तथा व्यावसायिक माल का परिवहन किया जा रहा था। परिवहन विभाग ने बस पर 37 हजार रुपये का ई–चालान करते हुए उसे रामपुरा थाने में सुरक्षित खड़ा करा दिया।

यात्री कर एवं माल कर अधिकारी (पीटीओ) आनंद राय कुरील ने बताया कि फौजी ट्रेवल्स की टूरिस्ट परमिट बसों द्वारा नियमित रूप से सवारियां ढोने और दिल्ली से व्यावसायिक माल लाने–ले जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के सत्यापन के लिए बुधवार सुबह करीब छह बजे जगम्मनपुर स्थित यमुना पुल पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बस संख्या UP61CT5134 को रोककर जांच की गई। जांच में पाया गया कि बस टूरिस्ट परमिट की शर्तों का उल्लंघन कर रही थी। साथ ही निरीक्षण के दौरान बस में प्रेशर हॉर्न लगा मिला तथा फुटकर सवारियां ढोने की भी पुष्टि हुई। परिवहन विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना वैध अनुमति वाहन संचालन, मोबाइल/संचार उपकरण के उपयोग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप एवं गति सीमा उपकरण संबंधी नियमों के उल्लंघन, ध्वनि प्रदूषण तथा परमिट शर्तों के उल्लंघन सहित विभिन्न धाराओं में कुल 37 हजार रुपये का ई–चालान जारी किया। कार्रवाई के बाद बस को रामपुरा थाने में सुरक्षित खड़ा करा दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वाहन स्वामी द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही वाहन को छोड़ा जाएगा। पीटीओ आनंद राय कुरील ने कहा कि अवैध रूप से यात्रियों एवं व्यावसायिक माल का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी सघन अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते का देश बचाओ मोर्चा ने किया विरोध

## प्रधानमंत्री को ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** देश बचाओ मोर्चा के श्रृषिकेश शाक्य के नेतृत्व में आशीष शाक्यवार, शिवराज, अजय कुमार, बृजभान, सोहिल आदि ने भारत–अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में इस समझौते को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। देश बचाओ मोर्चा ने कहा कि प्रस्तावित भारत–अमेरिका फ्री ट्रेड समझौता किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है। संगठन का आरोप है कि इस समझौते से भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, इसलिए इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।ज्ञापन में भारत सरकार से मांग की गई है कि प्रस्तावित फ्री ट्रेड समझौते को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। देश बचाओ मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी करती है तो संगठन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से देशव्यापी जनआंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।यह ज्ञापन 15 जुलाई को उरई में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री के नाम प्रेषित किया गया।

# हैवानियत ऐसी कि शैतान भी कर जाए तौबा! दोषी की करनी की सजा पीड़िता ने 42 साल तक भुगती

( यंग भारत न्यूज )

परेल इलाके में स्थित चश्वरू अस्पताल। तारीख: 27 नवंबर 1973। शाम का वक्त था। 24 साल की जूनियर नर्स अरुणा शानबाग अपनी ड्यूटी खत्म करके चेंजिंग रूम की तरफ बढ़ रही थीं। कर्नाटक के हालदीपुर की रहने वाली अरुणा, न्यूरोसर्जरी वार्ड की एक तेज-तर्रार और जांबाज नर्स थीं।

उनकी जिंदगी में सब कुछ बेहद खूबसूरत चल रहा था। उसी अस्पताल के एक रेजिडेंट डॉक्टर के साथ उनकी सगाई हो चुकी थी। शादी के दिन गिने जा रहे थे, खर्चों का हिसाब लगाया जा रहा था और नए जीवन के सपने बुने जा रहे थे लेकिन उस शाम, अस्पताल के जानवरों वाले वार्ड के अंधेरे गलियारे में एक दरिंदा घात लगाए बैठा था। उसका नाम था सोहनलाल भरता वाल्मीकि। वह अस्पताल में कॉन्ट्रैक्ट पर सफाई का काम करता था। कुछ दिन पहले अरुणा ने उसे जानवरों का खाना चुराने और काम में लापरवाही बरतने के लिए कड़ी फटकार लगाई थी। इसी बात का बदला लेने के लिए सोहनलाल तड़प रहा था। जैसे ही अरुणा उस गैलरी से गुजरीं, सोहनलाल ने पीछे से हमला कर दिया। उसने आवारा कुत्तों को बांधने वाली लोहे की एक भारी, गूंथी हुई चेन अरुणा के गले में लपेट दी और पूरी ताकत से पीछे खींच लिया। अरुणा का दम घुटने लगा। उनके नाखून उस लोहे की कड़ियों को गले से हटाने की नाकाम कोशिश में कंक्रीट पर घिसटने लगे। सोहनलाल ने उन्हें घसीटकर जानवरों के टेस्टिंग एरिया के घने अंधेरे कोने में डाल दिया। वहां उसने अरुणा के साथ बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए अप्राकृतिक बलात्कार किया। अरुणा चीख न सकें, इसलिए उसने लोहे की उस चेन को गले पर और कस दिया। 11 मिनट तक अरुणा के दिमाग तक खून और ऑक्सीजन पहुंचना पूरी तरह बंद हो गया। जब सोहनलाल वहां से भागा, तो अरुणा कंक्रीट के ठंडे फर्श पर खून



और गंदगी के बीच तड़प रही थीं। उनके दिमाग की कोशिकाएं हमेशा के लिए मर चुकी थीं, जिसे मेडिकल भाषा में 'सेरेब्रल इस्किमिया' कहते हैं।अगली सुबह 7:45 बजे, जब अगली शिफ्ट के कर्मचारी वहां पहुंचे, तो नजारा दहला देने वाला था। अरुणा खून से लथपथ पड़ी थीं, उनकी आंखें खुली थीं और वे छत को एकटक निहार रही थीं। इसके बाद जो हुआ, वो प्रशासनिक डर और सामाजिक ढोंग का एक ऐसा चेहरा था जिसने इंसाफ का गला घोंट दिया। चश्वरू एक बेहद प्रतिष्ठित सरकारी अस्पताल था। अपनी ही एक नर्स के साथ परिसर के भीतर इतनी खौफनाक वारदात होने से हड़कंप मच गया। डॉक्टरों को डर था कि अगर यह बात बाहर आई तो देश भर के कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। वरिष्ठ डॉक्टरों ने अरुणा का इलाज तो शुरू किया, लेकिन उनके दिमाग को जो नुकसान होना था, वो हो चुका था।11 मिनट की उस दरिंदगी ने उनके सोचने-समझने की क्षमता को पूरी तरह तबाह कर दिया था। वे न देख सकती थीं, न बोल सकती थीं। उनके हाथ-पैर अंदर की तरफ मुड़ गए और जोड़ इतने कड़े हो गए कि उनके हाथ हमेशा के लिए छाती से चिपक गए, जैसे कोई डरा हुआ बच्चा सिमट जाता है। अरुणा 'परसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट' यानी एक जिंदा लाश जैसी हो गईं। भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन ने इस मामले की जांच शुरू की, लेकिन 1973 के उस दौर में पुलिस और अस्पताल प्रशासन अप्राकृतिक बलात्कार के इस मामले को छिपाने में जुट गए ताकि अरुणा की 'सामाजिक प्रतिष्ठा' बची रहे और अस्पताल की बदनामी न हो। आधिकारिक एफआईआर से बलात्कार की ही बात को गायब कर दिया गया।सोहनलाल को कुछ ही दिनों में गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन उस पर कभी बलात्कार का मुकदमा चला ही नहीं। पुलिस और सरकारी वकील ने पूरा केस सिर्फ लूटपाट और जान से मारने की कोशिश (आईपीसी की धारा 392 और 307) के तहत लड़ा। जूनियर डॉक्टरों ने जो सबूत जुटाए थे, उन्हें फाइलों में दबा दिया गया। साल 1974 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोहनलाल को महज 7 साल की बामशक्कत कैद की सजा सुनाई। वह 1980 में यरवदा जेल से हंसता हुआ बाहर निकला और उत्तर भारत के किसी कोने में जाकर गायब हो गया। दूसरी तरफ, अरुणा को एक ऐसे अपराध की उम्रकैद मिल गई थी, जिसकी दरिंदगी की शिकार वे खुद हुईं। दशकों बीत गए। अस्पताल से बाहर तब का बॉम्बे बदलकर मुंबई हो गया। परेल की पुरानी कपड़ा मिलों की जगह चमचमाती ऊंची इमारतें खड़ी हो गईं। लेकिन वार्ड 4 के उस छोटे से कमरे में वक्त जैसे ठहर गया था। चश्वरूअस्पताल की नर्सों की पीढ़ियां बदलती रहीं, लेकिन अरुणा के प्रति उनका प्यार नहीं बदला। नर्सें उन्हें उबले और मसले हुए आलू, मछली का सूप और दूध पाइप के जरिए खिलाती थीं। वे हर दो घंटे में उनकी करवट बदलती थीं, ताकि उन्हें बेडसोर (बिस्तर के घाव) न हों। कभी-कभी अरुणा के हलक से एक तीखी, भयानक चीख निकलती थी, जिससे पूरा वार्ड गूंज उठता था। नर्सें उनकी उस आवाज का मतलब समझती थीं- कभी वह भूख का रोना होता था, कभी दर्द का, तो कभी किसी गुजरते साये का डर। फिर साल 1998 में इस कहानी में पत्रकार पिंकी विरानी की एंट्री हुई। उन्होंने अरुणा की जिंदगी पर नाम से एक झकझोर देने वाली किताब लिखी, जिसने सोए हुए देश को जगा दिया। लेकिन पिंकी सिर्फ लिखने तक सीमित नहीं रहीं। जून 2009 में, उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की। पिंकी विरानी की दलील थी कि अरुणा जिस हालत में जी रही हैं, जहां ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं है, वह संविधान के अनुच्छेद 21 (सम्मान से जीने का अधिकार) का उल्लंघन है। उन्होंने अदालत से मांग की कि अस्पताल को अरुणा की फीडिंग ट्यूब हटाने का निर्देश दिया जाए, ताकि उन्हें शांति से मरने दिया जा सके। यह मामला एक बहुत बड़ी कानूनी और नैतिक जंग में बदल गया। एक तरफ पिंकी विरानी और 'राइट टू डाई' (मरने के अधिकार) के समर्थक थे, जो कह रहे थे कि एक जिंदा लाश को मशीनों और मेडिकल के सहारे खींचना क्रूरता है। दूसरी तरफ चश्वरू अस्पताल का पूरा स्टाफ और नर्सें खड़ी हो गईं। नर्सों ने अदालत में एक बेहद भावुक जवाबी हलफनामा दायर किया। उन्होंने कहा, 'पिंकी विरानी कौन होती हैं यह तय करने वाली? अरुणा को हमने संभाला है, हम उनके बाल संवारते हैं, उनके दर्द में उनका हाथ थामते हैं। वह हमारे परिवार का एक हिस्सा हैं। हम उन्हें भूखा मरते हुए नहीं देख सकते।'

# यूपी चुनाव 2027 में बीएसपी का 'दुश्मन नंबर वन' कौन? मायावती ने क्लियर किया एजेंडा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** बसपा का यह फैसला सिर्फ प्रत्याशी घोषित करना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीतिक चोट है. बसपा सुप्रीमो मायावती यहां अपने पारंपरिक दलित-मुस्लिम वोट बैंक को फिर से जिंदा करने की कोशिश में हैं. अगर मुबाशिर अल्पसंख्यक वोटों में बड़ी सेंध लगाते हैं और बसपा का काडर वोट उनके साथ खड़ा होता है, तो मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा.



टिकट मिलने के बाद मोहम्मद मुबाशिर ने मायावती का आभार जताया. उन्होंने मौजूदा सरकार और विपक्ष दोनों पर सीधा निशाना साधा. मुबाशिर ने कहा कि सूबे में विकास के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है और सामाजिक विभाजन की राजनीति हो रही है. उन्होंने दावा किया कि उनका लक्ष्य बाराबंकी सदर को विकास में नंबर वन बनाना है. साफ है कि वक्त से पहले प्रत्याशी उतारकर बसपा ने संदेश दे दिया है कि वह 2027 की लड़ाई को बेहद आक्रामक तरीके से लड़ने जा रही है. बहुजन समाज पार्टी में जब से चुनाव तैयारियों को लकर हलचल शुरू हुई है, तब से मायावती ने अब तक केवल समाजवादी पार्टी और आजाद समाज पार्टी को निशाने पर लेती दिखी हैं. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जब ब्राह्मण नेताओं के साथ लखनऊ दफ्तर में मीटिंग की और जनेश्वर मिश्रा की जयंती पर लखनऊ में बड़ा आयोजन करने की घोषणा की वैसे ही मायावती का रिएक्शन आया. मायावती ने यूपी के ब्राह्मणों से अपील की कि वे 2007 की तरह उनका साथ दें. साथ ही समाजवादी पार्टी के प्रयास को झूठा और चुनावी नाटक बताया.इसके अलावा दलित वोटों की राजनीति करने वाले नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशखेर आजाद को लेकर भी बिना नाम लिए हमलावर दिखीं. वहीं अयोध्या के राम मंदिर में हुई चंदा चोरी के मुद्दे को जहां अखिलेश यादव जोर शोर से उठा रहे हैं, वहीं मायावती इसपर पूरी तरह सॉफ्ट दिख रही हैं. मायावती के इन तमाम राजनीतिक फैसलों से संकेत मिल रहे हैं कि यूपी चुनाव 2027 में वह एक बार फिर सत्ताधारी बीजेपी के बजाय विपक्षी समाजवादी पार्टी पर आक्रामक और उनकी पार्टी के प्रत्याशियों को किसी भी सूरत में डैमेज करने की कोशिश करती दिखेंगी.

# पति प्रेमिका के साथ में कर रहा था कार में वो वाला गंदा काम...तभी पहुंच गई पत्नी और बेटी....देखकर करली आंखे....वीडियो हो रहा...

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश के अंबेडकरनगर में एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सड़क पर ही जमकर हंगामा होता दिख रहा है, दरअसल, एक महिला ने अपनी बेटी के साथ मिलकर अपने पति को कथित प्रेमिका के साथ पकड़ लिया। इसके बाद बीच सड़क पर जमकर हंगामा हुआ और प्रेमिका के साथ मारपीट भी की गई।

मीडिया रिपोटर्स की माने तो युवक घर से जलालपुर गाड़ी बनवाने की बात कहकर निकला था। शक होने पर पत्नी और बेटी उसका पीछा करते हुए अकबरपुर के हाइडिल के सामने पहुंच गईं, जहां वह एक महिला के साथ मिला। युवक 2 बच्चों का पिता है और कार में अपनी प्रेमिका के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहा था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मां-बेटी ने मिलकर महिला को घसीट-घसीटकर पीटा। उसके बचाव में युवक ने पत्नी और बेटी को भी पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर आ गई और दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई। कोतवाली पहुंचने के बाद युवक पत्नी और बेटी से मिन्नतें करता नजर आया। बताया जा रहा है कि कथित प्रेमिका भी उसी के पड़ोस की रहने वाली है और पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, महिला अपने घर से दवा लेने जाने की बात कहकर निकली थी, महिला भी शादीशुदा है।

# किसके इशारे पर अखिलेश यादव पर बरस रहे हैं इमरान मसूद? कांग्रेस की 'चुप्पी' ने खड़े किए सवाल

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश की राजनीति में इन दिनों कांग्रेस के सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद तेजी से चर्चा चल रही हैं। इसका कारण उनके समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव (अखिलेश यादव) पर लगातार दिए जा रहे बयान हैं। इमरान मसूद के हमलों ने केवल सपा की नाराजगी ही नहीं बढ़ाई है, बल्कि इंडिया गठबंधन के अंदर भी नई चर्चा को जन्म दे दिया है। सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि आखिर इमरान मसूद किसके इशारे पर अखिलेश यादव के खिलाफ लगातार मोर्चा खोले हुए हैं।

इमरान मसूद बीते कुछ वक़्त से समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर लगातार तगड़ा निशाना साध रहे हैं। उनके बयानों को लेकर समाजवादी पार्टी



के नेताओं में नाराजगी बताई जा रही है। मऊ से सांसद राजीव राय ने तो खुलकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से ऐसे नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग तक कर दी। हालांकि, इस पूरे विवाद पर न तो उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने कोई कड़ी प्रतिक्रिया दी है और न ही दिल्ली की कांग्रेस नेतृत्व की तरफ से कोई बयान सामने आया है। दोनों ही स्तर पर पार्टी पूरी तरह शांत दिखाई दे रही है। इमरान मसूद का राजनीतिक सफर कई उतार-चढ़ाव से होकर गुजरा है। वह लंबे वक़्त तक कांग्रेस में रहे और उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रूप से भूमिका निभाते रहे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद उनके राजनीतिक करियर में मुश्किलों का दौर शुरू हो गया।साल 2014 का लोकसभा चुनाव वह सहारनपुर सीट से हार गए। इसके बाद साल 2017 का विधानसभा चुनाव भी उनके पक्ष में नहीं रहा। फिर साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें जीत नहीं मिली। साल 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया, लेकिन वहां उन्हें टिकट नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने बहुजन समाज पार्टी का रुख किया, लेकिन वहां भी उन्हें राजनीतिक सफलता नहीं मिल सकी। आखिरकार साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने फिर से कांग्रेस में वापसी की। इंडिया गठबंधन के सहयोग से कांग्रेस ने उन्हें सहारनपुर से उम्मीदवार बनाया और इस बार वह सांसद बनने में सफल रहे। इमरान मसूद ने हालिया दिनों में अखिलेश यादव पर 2 ऐसे बयान दिए, जिनकी राजनीतिक चर्चा तेज हो गई। तेरह जुलाई को दिए गए अपने बयान में उन्होंने इशारों-इशारों में कहा कि अखिलेश यादव को मुस्लिम नेता पसंद नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन की आवश्यकता समाजवादी पार्टी को अधिक है और साल 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के कारण से ही समाजवादी पार्टी 37 सीटें जीत सकी।

# घर-थाने और कोर्ट में उलझी डॉक्टर-नर्स की लव स्टोरी, अब साथ रहने की लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** कानपुर में डॉक्टर और नर्स की पांच साल पहले शुरू हुई लव स्टोरी घर-थाने और कोर्ट में उलझकर रह गई। डॉक्टर प्रेमी ने नर्स से दो साल पहले लव मैरिज तो कर लिया लेकिन परिवार वालों के राजी न होने की वजह से दोनों रहते अपने-अपने ही घरों में थे। यह सोचकर शादी का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया कि एक न एक दिन घरवालों को मनाने लेंगे। इस बीच युवती के घर वालों को गैर बिरादरी के युवक से शादी करने का पता चला तो दबाव में लेकर उसकी ओर से मुकदमा भी दर्ज करा दिया। हालांकि दो दिन पहले युवती ने हिम्मत जुटाई और प्रेमी के घर पहुंच गई। साथ ही दोनों ने पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए कमिश्नर ऑफिस पहुंचे और पूरी कहानी बताई। वहीं, पुलिस कमिश्नर ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



गोविंदनगर के रहने वाले युवक और बर्रा-7 की रहने वाली युवती कोविड के दौरान शहर के एक बड़े अस्पताल में साथ काम करते थे। इसी दौरान उनके बीच प्यार हो गया। गैर बिरादरी होने के चलते युवती ने परिजनों को प्रेम प्रसंग के बारे में नहीं बताया। हालांकि 14 मई 2024 को दोनों ने आर्य समाज से लव मैरिज कर लिया और दूसरे दिन रजिस्ट्री ऑफिस में शादी का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया। दोनों के परिजन प्रेम विवाह के लिए राजी नहीं थे, इसलिए तब अलग-अलग ही रहना उचित समझा फोन पर बातचीत के दौरान युवती के परिजनों को शादी की भनक लग गई। इसके बाद युवती को दबाव में लेकर परिजनों ने युवक और उसके पिता के खिलाफ बर्रा थाने में मारपीट, रुपये मांगने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने इस मामले में जांच की तो माजरा कुछ और निकला। इसके बाद पुलिस ने युवक को पाबंद करके जाने दिया और चार्जशीट दाखिल कर दी। हालांकि इस बीच दोनों फोन पर बातचीत करते रहे। दोनों ने साथ रहने का निर्णय लेने में दो साल गुजार दिए। 12 जुलाई को युवती अपने घर से चोरी छिपे निकलकर युवक के गोविंदनगर स्थित घर पहुंची और दोनों साथ रहने लगे। युवक गोविंदनगर में अपना क्लीनिक चलाता है। युवती ने 20 नवंबर 2025 को युवक पर केस कराया था। इसमें खाते से लेनदेन, पति व ससुर द्वारा रुपये मांगने के साथ ही इच्छा मृत्यु मांगते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में डॉक्टर और उनके पिता के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में लगा दी गई है।

मंगलवार को प्रेमी युगल पुलिस आयुक्त ऑफिस पहुंचा। युवती ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि परिजनों के दबाव में बहुत रह लिया। अब अपने पति के साथ रहना है। घर से वह सीधे चौकी गई थी। वहां पति के साथ रहने का प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस परेशान न करे और कोई नया मुकदमा न हो इसलिए पुलिस आयुक्त कार्यालय पति के साथ आई हूं। पुलिस आयुक्त ने भी आश्वस्त किया कि पुलिस बेवजह कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

# तुम्हारी कोई हैसियत नहीं[ सरकारी टीचर बनते ही छोड़ा पति- अब साथ रहने के लिए मांग रही 1 करोड़ रुपये.

**कानपुर।** शादी में पति और ससुराल वालों के द्वारा पत्नी के घर वालों से दहेज मांगने की बात तो अब तक आपने सुनी होगी, मगर कानपुर से जो मामला सामने आया है, उसे जान कर आप चौंक जाएंगे. मगर ये सच है. दरअसल, कानपुर में एक पत्नी ने अपने ही पति के साथ रहने के लिए एक करोड़ रुपये की मांग की है. बता दें कि पत्नी की सरकारी नौकरी लग गई और इसके बाद उसके सुर ही बदल गए, उसने अपने पति से ये अनोखी डिमांड कर दी है. पत्नी का कहना है कि अगर पति उसके साथ रहना चाहता है तो पहले एक करोड़ रुपये दे, तभी वह उसके साथ रहेगी. ऐसी डिमांड सुनकर पुलिस भी हैरान है.

हालिया दिनों एसडीएम ज्योति मौर्या और उनके पति के बीच विवाद काफी चर्चा में रहा था. इसी तरह का एक मामला कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र से सामने आया है. जहां बजरंग नाम के एक युवक की शादी साल 2023 में गाजियाबाद के लक्षिता नाम की युवती से हुआ था. शादी के बाद लक्षिता ने अपने पति बजरंग से सरकारी टीचर बनने की इच्छा जताई. पत्नी के सपने को पूरा करने के लिए पति ने जी तोड़ मेहनत की. उसको पढ़ाया लिखाया और सरकारी टीचर बनाने के लिए उसको अलग-अलग संस्थानों में महंगी फीस अदा कर कोचिंग दिलाई. पति की मेहनत और हौसला अफजाई से लक्षिता ने जल्द अपने सपने को साकार और वह सरकारी टीचर बन गई. टीचर के पद पर तैनात होते ही लक्षिता ने पति बजरंग से किनारा करना शुरू कर दिया. धीरे धीरे उनके रिश्ते खराब होने लगे. परेशान होकर बजरंग ने पत्नी लक्षिता से इसकी वजह पूछी. इसके बाद लक्षिता मायके चली गई. मायके पहुंच कर उसने बजरंग से कहा कि मैं तुम्हारे साथ ऐसे नहीं रह सकती, तुम्हारी कोई हैसियत नहीं है. पत्नी ने बजरंग से कहा कि अगर तुम मुझे एक करोड़ रुपया दो तो मैं तुम्हारे साथ पहले की तरह रह सकती हूं. पत्नी लक्षिता की ये बातें सुनकर बजरंग के पैरों तले से जमीन खिसक गई. परेशान होकर उसने लक्षित के माता-पिता से बात की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला. अब पीड़ित पति ने कानपुर पुलिस से मामले की शिकायत की है और केस दर्ज करवाया है. पुलिस से मदद की गुहार लगाई है. जिससे उसकी पत्नी उसे वापस मिल सके. बजरंग ने बताया कि वह बहुत परेशान है, उसकी खूब बेइज्जती हो रही है और उसकी पत्नी उसके पास रहने को तैयार नहीं है. रहने के एवज में पत्नी एक करोड़ रुपये मांग रही है. कानपुर में एक स्कूल संचालक बजरंग भदौरिया ने अपनी पत्नी लक्षिता सिंह और उसके घर वालों के खिलाफ नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है.

# 12 साल बाद 'मृत' पति लौटा जिंदा! जिसका अंतिम संस्कार हो चुका था, बेटे के शादी कार्ड पर छपा था 'स्वर्गीय' -भरतपुर की कहानी ने रुला दिया

( यंग भारत न्यूज )

कभी जिंदगी ऐसी कहानी लिख देती है, जिस पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। राजस्थान के भरतपुर से सामने आया एक मामला कुछ ऐसा ही है, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया। एक ऐसा व्यक्ति, जिसे परिवार ने 12 साल पहले लापता होने के बाद मृत मान लिया था, जिसका सात साल पहले प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया गया था और जिसकी पत्नी वर्षों से विधवा का जीवन जी रही थी, वह अचानक एक दिन जीवित मिल गया।

इस भावुक पुनर्मिलन ने पूरे परिवार की जिंदगी बदल दी। वर्षों से बिछड़ा पति अपनी पत्नी और बेटे से मिला तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। इस पूरे घटनाक्रम में भरतपुर की सामाजिक संस्था अपना घर आश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है, जिसने उपचार और पहचान की प्रक्रिया के बाद परिवार को फिर से एकजुट करने में मदद की। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले सुनील कुमार लगभग 12 वर्ष पहले अपनी बहन से मिलने बिहार के छपरा गए थे। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गए। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। उसी समय क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ ने परिवार की चिंता और बढ़ा



दी। लंबे समय तक खोजबीन के बावजूद जब उनका कोई पता नहीं चला, तो परिवार ने आशंका जताई कि संभवत: वह बाढ़ में बह गए होंगे। समय बीतता गया, लेकिन सुनील का कोई पता नहीं चला। परिवार ने मान लिया था कि अब वह नहीं रहे कई वर्षों तक लगातार खोजबीन करने के बाद परिवार ने आखिरकार यह मान लिया कि सुनील अब इस दुनिया में नहीं हैं। बताया जाता है कि स्थानीय सामाजिक परंपराओं के अनुसार करीब सात वर्ष पहले उनका प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। परिवार ने धार्मिक रीति-रिवाज पूरे किए और उन्हें मृत मानकर जीवन आगे बढ़ाने की कोशिश की। यह फैसला परिवार के लिए बेहद दर्दनाक था, लेकिन वर्षों तक कोई जानकारी न मिलने के कारण उन्होंने यही मान लिया कि सुनील अब कभी वापस नहीं आएंगे।पति के लापता होने और बाद में प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार के बाद उनकी पत्नी अमरावती देवी ने सामाजिक परंपराओं के अनुसार विधवा का जीवन अपनाया। बताया जाता है कि उन्होंने अपनी चूड़ियां उतार दीं, मांग का सिंदूर मिटा दिया और केवल सफेद साड़ी पहनना शुरू कर दिया। परिवार के लोगों के अनुसार उन्होंने वर्षों तक यही जीवन जिया और उम्मीद लगभग छोड़ दी थी कि उनका पति कभी लौटेगा।इस पूरे मामले का सबसे भावुक पहलू तब सामने आया जब परिवार में बेटे के विवाह की तैयारी हुई।बताया जाता है कि शादी के निमंत्रण पत्र में पिता के नाम के आगे 'स्वर्गीय' लिखकर कार्ड छपवाया गया, क्योंकि परिवार पूरी तरह विश्वास कर चुका था कि सुनील अब जीवित नहीं हैं। किसी ने भी कल्पना नहीं की थी कि एक दिन वही व्यक्ति अचानक उनके सामने जीवित खड़ा होगा।कहानी में नया मोड़ तब आया जब हरियाणा के अंबाला रेलवे स्टेशन पर एक गंभीर रूप से बीमार और लावारिस व्यक्ति मिला। जानकारी के अनुसार, अपना घर आश्रम की रेस्क्यू टीम को वह व्यक्ति अत्यंत कमजोर और बीमार अवस्था में मिला। बताया गया कि वह टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित था और स्वयं चलने-फिरने की स्थिति में भी नहीं था। संस्था की टीम उसे तत्काल अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए भरतपुर स्थित आश्रम ले आई। कई दिनों तक इलाज और देखभाल के बाद जब उसकी तबीयत में सुधार हुआ, तब उसने अपना नाम सुनील कुमार बताया।इसके बाद संस्था ने उपलब्ध जानकारी के आधार पर संबंधित प्रशासन और पुलिस की मदद से उसके परिवार की तलाश शुरू की।पहचान की पुष्टि होने के बाद अपना घर आश्रम ने झारखंड पुलिस के सहयोग से सुनील के परिवार से संपर्क किया।जब परिवार को बताया गया कि सुनील जीवित हैं, तो शुरुआत में किसी को इस बात पर विश्वास ही नहीं हुआ। बाद में पुष्टि होने पर उनकी पत्नी अमरावती देवी और बेटा भरतपुर पहुंचे।

# अधिकारी रहे अलर्ट, किसानों की शिकायतों का तुरंत करें निस्तारण : सीडीओ

## समितियों द्वारा उर्वरक वितरण की होगी जाँच, पॉश मशीन से ही विक्रय करें खादः- सीडीओ

- जे ई विद्युत का वेतन किया बाधित, शिकायत निस्तारण में लापरवाही बरतने पर
- जनपद में अभी भी 50 हजार कृषकों ने नहीं कराई फार्मर रजिस्ट्री, फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने पर नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ
- आग लगने की आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए 101 या 112 (यूपी-112) करें डायल :- जिलाधिकारी



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट रहते हुए किसानों की शिकायतों और उनकी समस्याओं का तुरंत निस्तारण करें, किसान दिवस शासन स्तर पर बेहद संवेदनशील एवं अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित किसानों के मध्य कहा कि किसान इस अवसर पर अधिक से अधिक खेती किसानी में आ रहीं समस्याओं को बताएं ताकि किसान दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सके।

मुख्य विकास आदि अधिकारी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस में प्राप्त किसानों द्वारा दी गई शिकायतों को समय से संबंधित विभागों को सुपुर्द कर दिया जाए ताकि समस्याओं का समय से निस्तारण किया जा सके। उन्होंने खेती किसानी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना और समस्याओं को संवेदनशील होकर तत्काल निस्तारण किया जाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी विभागों को आपसी सामंजस्य बनाते हुए किसानों को अधिक से अधिक विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खेती को कैसे लाभदायक बनाया जाय, उनके उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, कैसे उन्हें उनकी उपज का बेहतर दाम दिलाया जा सके पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी भी 50 हजारों कृषक ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित तो होगें साथ ही उन्हें खाद एवं अन्य योजनाओं के लाभ भी वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री की जिम्मेदारी कृषि विभाग की है, इसलिए जल्द से जल्द जनपद के समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि तहसील झांसी में सबसे अधिक 16518 फार्मर रजिस्ट्री अवशेष हैं। उसके बाद तहसील गरौठा जिसमें 14491 फार्मर रजिस्ट्री अवशेष है, सबसे कम तहसील टहरौली में 300 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अवशेष है। उन्होंने सभी अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार किए जाने के निर्देश दिए । किसान दिवस की बैठक में किसान श्री राजीव सिंह निवासी पहाड़ी बुजुर्ग विकासखंड चिरगांव ने बताया कि आकाशीय बिजली के कारण निजी नलकूप की डीपी खराब हो गई थी, जिसकी शिकायत टोल फ्री नंबर 1912 पर की शिकायत की, जानकारी लेने अवर अभियंता श्री सदगुरु शरण ने कहा कि आप अपने प्रधान से शिकायत में सील लगवा कर लाए, तभी समस्या का निस्तारण किया जाएगा। किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल संबंधित जेई विद्युत का वेतन बाधित करने और अधिशासी अभियंता को शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए। किसान दिवस के अवसर पर विभिन्न किसान प्रतिनिधि एवं किसानों ने जनपद में हाथी नोटा सोसाइटी सहित अन्य सोसायटी में खाद वितरण में लगातार परेशान किया जा रहा है, कि शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल समिति में उर्वरक वितरण की जांच के आदेश देते हुए पॉश मशीन के माध्यम से ही खाद्य वितरण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद की समस्त उर्वरक की दुकानों पर रेट चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों का खाद्य खरीदने में किसी भी तरह की ओवर रेटिंग ना हो। इस अवसर पर किसान नेता श्री महेंद्र शर्मा, किसान नेता श्री कमलेश लंबरदार, श्री राजेश कुमार बिरगुंआ, श्री सुनील रिछारिया, श्री सुरेंद्र पुरातिनी सहित अन्य किसानों ने भी अपनी समस्याओं को रखा और अधिकारियों से समय से उनका निस्तारण कराए जाने की मांग की। आयोजित किसान दिवस का संचालन उप कृषि निदेशक श्री बुद्ध देव द्विवेदी ने किया। बैठक में विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री दीपक कुशवाहा, श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, श्री लल्ला सिंह, श्री अनिल कुमार, श्री राजकुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी सहित लघु सिंचाई, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, बीमा कंपनी व अन्य विभागीय अधिकारी तथा किसान गण उपस्थित रहें।

# जिला पंचायत झांसी को मिला गुणवत्ता का प्रमाण पत्र

## -उत्कृष्ट कार्य शैली समयबद्धता और गुणवत्ता के अन्तराष्ट्रीय मानको पर खरा उतरा जिला पचायत झांसी



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी ।** जिला पंचायत झांसी ने अपनी कार्य कुशलता, समयबद्धता, अनुशासन, पारदर्शी, प्रशासनिक व्यवस्था एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता के अन्तराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हुए गणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (Quality Management System) ISO 9001:2015) प्रमाण पत्र प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धी हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ जिला पंचायत झाँसी प्रदेश की चुनिन्दा ISO प्रमाणित जिला पंचायतों में शामिल हो गयी है तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में विशेप पहचान स्थापित की है।

इण्टरनेशनल एक्रेडिटेशन फोरम (IAF) से सम्बद्ध प्रमाणन व्यवस्था के अन्तर्गत VERC Certification Pvt. Ltd. की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रमिला सिंह एवं गुणवत्ता सलाहकार श्री ओ0पी0 यादव द्वारा संयुक्त रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष तथा जिला पंचायत झाँसी के अधिकारियों को ISO प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने अपने संदेश में कहा है कि जिला पंचायत झाँसी द्वार विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पंचायत ने सीमित संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता प्रदान की है। 50 से अधिक सड़कों के अनुरक्षण एवं निर्माण कार्यों, ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी नालियों के निर्माण तथा जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ कराया गया है। उन्होंने कहा है कि जिला पंचायत द्वारा जल संरक्षण की दिशा में तालाबों के गहरीकरण एवं पुनर्जीवन के कार्यों को भी प्राथमिकता दी गयी है। जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए इन प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में जन संचयन को बड़ावा देने तथा प्राकृतिक जल स्त्रोंतों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ISO प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि जिला पंचायत झाँसी की बेहतर कार्य संस्कृति, सुव्यवस्थित अभिलेख प्रबंधन, प्रशासनिक दक्षता, समयबद्ध कार्य निप्पादन, उत्तरदायित्व एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय जिला पंचायत के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास और टीम भावना को दिया। इस अवसर पर गुणवत्ता सलाहकार श्री ओ0पी0 यादव ने ISO प्रमाणन प्रक्रिया में जिला पंचायत झाँसी के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा दिए गये सक्रिय सहयोग एंव समर्पण की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से श्री शमशुर्रहमान खान अभियन्ता, श्री राघवेन्द्र चतुर्वेदी प्रशासनिक अधिकारी, श्री रोहित कनौजिया, श्री कुलदीप प्रकाश अवर अभियन्ता प्रमाण पत्र गहण करने के अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी श्री अली वारिस (additional Chief Officer) एवं Stenographer श्री पवन कुमार गौतम, श्री देवेन्द्र धारिया, श्री इस्तियाक अहमद, श्रीमती आरती गोस्वामी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे तथा उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो के प्रति आभार व्यक्त किया। गुणवत्ता सलाहकार ने कहा कि जिला पंचायत झॉसी द्वारा कार्यालयीय कार्य प्रणाली को व्यवस्थित करने, अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयास सराहनीय है। इन्ही मानकों एवं कार्यप्रणाली के परीक्षण के उपरान्त जिला पंचायत झॉसी को ISO प्रमाणन प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत बुलंदशहर को ISO प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। अब बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जिला पंचायत झॉसी द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अन्तराष्ट्रीय मानको को पूरा करते हुए ISO प्रमाणन प्राप्त करना जनपद झॉसी एवं जिला पंचायत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। जिला पंचायत झॉसी के अधिकारियों ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी प्रशासनिक कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जनसेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने की जनसुनवाई, पीड़ितों को दिलाया न्याय का भरोसा

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए पीड़ितों एवं फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का विस्तारपूर्वक अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने कहा कि आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं न्यायोचित निस्तारण करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा किसी भी पीड़ित को अनावश्यक रूप से परेशान न होने दिया जाए। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया और पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया।

# अभियान के तहत होगा डोर-टू-डोर टीकाकरण : मुख्य सचिव

## अभियान के तहत होगा डोर-टू-डोर टीकाकरणः- मुख्य सचिव

- प्रत्येक गांव के लिए माइक्रो प्लान बनाकर चलाया जाए एफएमडी टीकाकरण अभियानः- मुख्य सचिव
- प्रदेश के सभी जनपदों में 22 जुलाई से 08 सितम्बर तक चलेगा खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण अभियान
- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न
- ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर उनका विवरण यूपी रिन्यूएबल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शीघ्र कराएं उपलब्ध



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** मुख्य सचिव श्री एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) टीकाकरण अभियान, ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापना सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) टीकाकरण अभियान का आठवां चरण दिनांक 22 जुलाई, 2026 से 8 सितम्बर, 2026 तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का शुभारंभ 22 जुलाई, 2026 को कलेक्ट्रेट अथवा विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाए। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट मीडिया, जिंगल्स, सोशल मीडिया, ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी, लाउडस्पीकर तथा ग्राम सचिवालयों पर पोस्टर लगाकर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खुरपका-मुंहपका रोग का टीकाकरण पशुधन संरक्षण एवं प्रबंधन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस रोग से पशुओं की दूध उत्पादन क्षमता में कमी आती है, उनकी शारीरिक कार्यक्षमता प्रभावित होती है तथा प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए इस अभियान की सतत समीक्षा करते हुए इसे प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम के लिए माइक्रोप्लान एवं दैनिक रूट चार्ट तैयार किया जाए तथा वैक्सीन, सीरिंज एवं ईयर-टैग की ब्लॉक स्तर पर अग्रिम उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डोर-टू-डोर टीकाकरण के उपरांत प्रत्येक पशुपालक के घर पर एफएमडी टीकाकरण एवं तिथि का अंकन किया जाए। मुख्य सचिव ने कोल्ड चेन प्रबंधन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण हेतु निर्धारित तापमान बनाए रखने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा आवश्यक लॉजिस्टिक बैकअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों एवं दुग्ध समितियों के व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से अभियान की अग्रिम सूचना प्रसारित करने तथा भारत पशुधन ऐप पर प्रत्येक टीकाकरण की रियल-टाइम प्रविष्टि एवं अपलोडिंग सुनिश्चित करने के साथ इसकी औचक जांच कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर एसडीएम, बीडीओ एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर नियमित निरीक्षण कराया जाए, जिससे अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। बैठक में बताया गया कि अभियान के सफल संचालन हेतु प्रदेश में 3,37,80,404 टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने इलेक्ट्रिक वाहन अवसंरचना के विस्तार की समीक्षा करते हुए सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने नियंत्रणाधीन कार्यालय परिसरों, उपलब्ध सरकारी भूमि तथा अन्य उपयुक्त सार्वजनिक स्थलों का सर्वेक्षण कर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करें तथा उनका विवरण निर्धारित प्रारूप में यूपी रिन्यूएबल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शीघ्र उपलब्ध कराएं। बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुदाकर सब्बनवाड, एडीएम प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, सीबीओ डॉ0 संजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महापौर बिहारी लाल आर्य ने किया बिभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** महापौर श्री बिहारी लाल आर्य जी द्वारा सी0एम0ग्रिडस योजना फेज-3 , नगरोदय योजना एवं 15 वे वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो का शिलान्यास किया गया।

1.सी0एम0ग्रिडस योजना फेज-03 के अन्तर्गत बी0के0डी0 चैराहे से आयुर्वेदिक कालेज होते हुये

फ्लाई ओवर के नीचे से महिला पॉलीटेक्निक , अटल चैक (अंसल कालौनी) होते हुये गणेश चैराहा तक सडक एवं फुटपाथ/साइड पटरी सौन्दर्यीकरण का कार्य का शिलान्यास किया गया, उक्त कार्य की लागत धनांक रू. 3881.49 लाख है।

2. हंसारी (हंसारी जोन -02 ) में शॉपिंग कॉम्पलैक्स का निर्माण का कार्य का शिलान्यास किया गया, उक्त कार्य की लागत धनांक रू. 414.35 लाख है।

3. 32 (पिछोर जोन-01) के अन्तर्गत मेडीकल रोड पर पानी की टंकी से मेडीकल बाइपास पार्क

की बायी तरफ हरित पट्टी एवं मेडीकल गेट नं0 01 से कानपुर बाईपास तक डिवाइडर का सुन्दरीकरण का कार्य का शिलान्यास किया गया, उक्त कार्य की लागत धनांक रू. 96.94 लाख है।

4. वार्ड नं0 13 अशोक वैली में हाटमिक्स प्लांट द्वारा सडक एवं साईड पटरी मरम्मत का कार्य का शिलान्यास किया गया, उक्त कार्य की लागत धनांक रू. 68.61 लाख है।

उक्त कार्यक्रम में श्री राहुल यादव , अपर नगर आयुक्त, श्रीमती तान्या , जोनल अधिकारी द्वितीय , श्रीमती नीना सिंह अधिशासी अभियंता , श्री पंकज यादव , श्री देवीलाल शर्मा, श्री मोहित गर्ग, अवर अभियंता, श्री दिनेश प्रताप सिंह मा0 पार्षद , श्री आशीष तिवारी , मा0 पार्षद , श्रीमती राजेश्वरी मा0 पार्षद , श्री प्रवीण लखेरा मा0 पार्षद , श्रीमती रितिका गौरव तिवारी मा0 पार्षद, श्रीमती सुशीला गोकुल दुबे मा0 पार्षद , श्री अरविन्द्र झॉ मा0 पार्षद , श्री मयंक श्रीवास्तव मा0 पार्षद, श्रीमती राखी परिहार मा0 पार्षद , श्री विष्णु मा0 पार्षद आदि उपस्थित रहें।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718